>

Title: Need to provide financial relief to sugarcane growers whose crops have been damaged due to frost and cold waves in Uttarankhand.

श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) : महोदय, उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार, देहरादून और उधमसिंह नगर में इस वर्ष सर्दियों में भीषण ठण्ड और पाला गिरने के कारण गन्ने की पौध को भारी नुकसान पहुंचा है। अब गर्मी पड़ने के साथ ही गन्ने की पैदावार इससे बहुत अधिक प्रभावित हो रही है।

पूरे क्षेत्र में विशेषज्ञों का आकलन है कि किसानों के गन्ने की 50 से 60 प्रतिशत तक फसल बरबाद हो चुकी है। यदि गन्ना उत्पादक किसानों को तत्काल राहत नहीं दी गयी तो उनके लिए बहुत बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा।

अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि वह इस विषय की गम्भीरता को देखते हुए एक केन्द्रीय दल को उत्तराखंड के प्रभावित क्षेत्र में भेजकर क्षति का आकलन करवाये और उसके आधार पर गन्ना उत्पादक किसानों को पर्याप्त राहत प्रदान करने की कार्यवाही करे।